# स्वतंत्रता Important Questions Class 11 Political Science Chapter 2 in Hindi

## 1 अंकीय प्रश्न:

**प्रश्न 1 स्वतंत्रता के लिए प्रतिबंधों की आवश्यकता क्यों है?**

**उत्तर :** अगर स्वतंत्रता पर प्रतिबंध न होंगे तो समाज अव्यवस्था की गर्त में पहुंच जाएगा। लोगों के बीच टकराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**प्रश्न 2 प्रतिबंधों के स्रोत क्या है?**

**उत्तर :** कानून द्वारा, बल के आधार पर,

**प्रश्न 3 नकारात्मक स्वतंत्रता से आप क्या समझते है?**

**उत्तर :** एक ऐसा क्षेत्र जिसमें व्यक्ति अबाधित रूप से व्यवहार कर सके।

**प्रश्न 4 एक व्यक्ति के लिए स्वतंत्रता क्यों आवश्यक है?**

**उत्तर :** आत्म अभिव्यक्ति की योग्यता का विस्तार करना तथा प्रतिभा का विकास करना।

**प्रश्न 5 जान स्टुअर्ट मिल ने व्यक्ति के कार्यों को कितने भागों में विभाजित किया है?**

**उत्तर :** दो भागों में – स्वसंबद्ध कार्य, परसबंद्ध कार्य

**प्रश्न 6 नेल्सन मंडेला की आत्मकथा का शीर्षक क्या है।**

**उत्तर :** 'लॉग वाक टू फ्रीडम' (स्वतंत्रता के लिए लंबी यात्रा)

**प्रश्न 7 आगं सान सू किस देश में स्वतंत्रता के लिए संघर्ष कर रही है?**

**उत्तर :** म्यांमार में

**प्रश्न 8 उदारवादियों के अनुसार स्वतंत्रता का अर्थ लिखिए।**

**उत्तर :** उदारवादियों के अनुसार स्वतंत्रता का केन्द्र बिन्दू व्यक्ति है। व्यक्ति को अधिक, आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक स्वतंत्रता पर बल तथा राज्य की कल्याणकारी भूमिका को बढ़ावा देना।

**प्रश्न 9 भारतीय राजनीतिक विचारों में स्वतंत्रता की समानार्थी अवधारण क्या है?**

**उत्तर :** स्वराज की अवधारणा।

**प्रश्न 10 “तुम जो कहते हो मैं उसका समर्थन नहीं करता परन्तु मैं मरते दम तक तुम्हारे कहने के अधिकार का बचाव करूंगा।” यह कथन किसका है और इसमें किस प्रकार की स्वतंत्रता की बात कही गई है?**

**उत्तर :** यह कथन ‘वाल्तेयर’ का है और इसमें ‘अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बात कही गयी है।

**प्रश्न 11 स्वतंत्रता संबंधी नेताजी सुभाष चन्द्र जी के विचार क्या है?**

**उत्तर :** ऐसी सर्वांगीण स्वतंत्रता से है- जो व्यक्ति और समाज की हो, अमीर और गरीब की हो, स्त्रियो और पुरूषों की हो तथा सभी लोगों और सभी वर्गों की हो।

**प्रश्न 12 ‘स्वराज’ शब्द से क्या अभिप्राय है?**

**उत्तर :** स्वराज का अर्थ ‘स्व’ का शसन भी हो सकता है और ‘स्व’ के उपर शासन भी हो सकता है। स्वराज केवल स्वतंत्रता नहीं है बल्कि ऐसी संस्थाओं से मुक्ति भी है, जो मनुष्य को उसकी मनुष्यता से वंचित करती है।

**प्रश्न 13 स्वतंत्रता की एक विशेषता का वर्णन कीजिए?**

**उत्तर :** उचित बंधनों का होना।

**प्रश्न 14 लोकमान्य तिलक ने स्वराज्य के बारे में क्या कहा था?**

**उत्तर :** “स्वराज मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा’।

**प्रश्न 15 सलमान रुश्दी की कौन-सी पुस्तक पर प्रतिबंध लगाया गया था?**

**उत्तर :** ‘द सेटानिक वर्सेस’

## 2 अंकीय प्रश्न:

---

**प्रश्न 1 व्यक्तिगत स्वतंत्रता से आप क्या समझते है?**

**उत्तर :** मनुष्यों का व्यक्तिगत मामलों में पूरी तरह से स्वतंत्रता होनी चाहिए । भोजन, वस्त्र, शादी-विवाह, रहन-सहन आदि मामलों में राज्य को दखल नहीं देना चाहिए।

**प्रश्न 2 राजनीतिक स्वतंत्रता पर अपने विचार प्रकट कीजिए?**

**उत्तर :** राज्य के नागरिकों को

- अपनी सरकार में भाग लेना।
- मताधिकार का प्रयोग करना।
- चुनाव लड़ना आदि।

**प्रश्न 3 राष्ट्रीय स्वतंत्रता पर अपने विचार दीजिए?**

https://www.evidyarthi.in/

**उत्तर :** राष्ट्र को विदेशी नियंत्रण से स्वतंत्रता प्राप्त होती है। एक स्वतंत्र राष्ट्र ही अपने नागरिकों को अधिकार तथा स्वतंत्रता प्रदान कर सकता है। जिससे नागरिकों अपना सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, आर्थिक तथ राजनैतिक विकास कर सके।

**प्रश्न 4 नागरिक स्वतंत्रता का अर्थ बताइए?**

**उत्तर :** एक व्यक्ति को किसी राज्य का नागरिक होने के कारण मिलती है। ऐसी स्वतंत्रता को राज्य के माध्यम से दिया जाता है। राज्य के संरक्षण में ही व्यक्ति इस स्वतंत्रता का प्रयोग अपने विकास के लिए करता है, बिना किसी की स्वतंत्रता को बाधित किए हुए।

**प्रश्न 5 आर्थिक स्वतंत्रता का अर्थ स्पष्ट कीजिए?**

**उत्तर :**

– अपनी रूचि व योग्यातानुसार व्यवसाय करने की स्वतंत्रता।

– देश में उद्योग-धंधों को चलाने की स्वतंत्रता ।

– धन का उत्पादन व वितरण ठीक ढंग से हो।

– बेरोजगारी न हो।

**प्रश्न 6 स्वतंत्रता से आपका क्या अभिप्राय है?**

**उत्तर :** स्वतंत्रता अभिप्राय व्यक्ति पर बाहरी प्रतिबंधों का अभाव है। इसका आशय व्यक्ति की आत्म अभिव्यक्ति की योग्यता का विस्तार करना और उसके अंदर की संभावनाओं को विकसित करना भी है, जिसमें व्यक्ति की रचनात्मकता और क्षमताओं का विकास हो सकें।

**प्रश्न 7 फिल्म निर्माता दीपा मेहता को काशी में विधवाओं पर फिल्म बनाने से किस आधार पर रोका गया? यह किस स्वतंत्रता का उल्लंघन था?**

**उत्तर :**

– भारत की दशा का बुरा चित्रण होना।

– विदेशी पर्यटकों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए।

– काशी नगरी की बदनामी होनी।

यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन था।